II. R*evision of project cost estimates of Visakhapatnam Steel project.*

	(Rs. in Crores)
1. Original Cost Estimates approved in June, 1979	2256.00 (Ist Qtr., 1979 prices)
2. Revised Cost estimates approved in July, 1982	3897.28 (4th Qtr. 1981 prices)
3. Second Revised Cost Estimates approved in June, 1988	6849.70 (4th Qtr. 1987 prices)

(b) Government is considering various options to restructure the capital base of the company so as to ensure its long term viability. There is no proposal to sell out this plant to other parties.

बिहार में अकाल

790. **श्री रत्नेश रंजन साहू :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 13 अगस्त, 1991 को हिन्दी दैनिक जनसत्ता में "अकाल के डर से परेशान मगध" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या सरकार मगध क्षेत्र के अन्तर्गत नवादा, गया जहानाबाद तथा औरंगाबाद के सूखाग्रस्त मैदानी जिलों के किसानों के लिये कोई राहत योजना शुरू करने का विचार रखती है ; और

(ग) क्या सरकार राज्य के विभिन्न अन्य जिलों में हुई अल्प वृष्टि को ध्यान में रखते हुए समूचे बिहार राज्य को सूखाग्रस्त राज्य घोषित करने का विचार रखती है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) राहत व्यय के वित्तपोषण की वर्तमान योजना के तहत, प्रत्येक राज्य में आपदा राहत कोष का गठन किया गया है । आपदा राहत निधि में केन्द्र का अंशदान 75— तथा राज्य का अंशदान 25% है । बिहार राज्य के पास 35.00 करोड़ रुपए का वार्षिक आपदा राहत कोष है । 1991–92 के दौरान आपदा राहत कोष के केन्द्रीय अंशदान का 50% जोकि 13.125 करोड़ रुपए बनता है, राज्य को दे दिया गया है । राज्य सरकार के लिए अपेक्षित है कि प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में आपदा राहत कोष के संग्रह का उपयोग करके सभी राहत कार्य करे । राज्य सरकार मानसून के रुख को ध्यान में रखकर राज्य के किसी क्षेत्र को सूखाग्रस्त क्षेत्र के रूप में घोषित करती है । बिहार सरकार से ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है ।

बिहार में आदर्श रेलवे स्टेशन

791. **श्री रत्नेश रंजन साहू :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में किन-किन रेलवे स्टेशनों को "आदर्श स्टेशन" के रूप में विकसित किये जाने का विचार है ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) पिछले दिनों सरकार द्वारा मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करने की जो योजना बनाई गई थी क्या वह अभी भी विद्यमान है अथवा नहीं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) धनबाद, गया, पटना,